महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) (A
Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी के विकास में अन्य भारतीय भाषाओं का अहम योगदान-कुलपति राय

हिंदी विवि में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

वर्धा दिनांक 14 सितंबर 2012 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में हिंदी में अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों का प्रयोग बढ़ रहा है और हिंदी दिनब दिन एक सहज और सरल भाषा बनती जा रही है। हिंदी में प्रयुक्त हुए अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों ने हिंदी को अधिक विकसित एवं समृद्ध किया है। उक्त उदबोधन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने हिंदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दिये।

उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार में विश्वविद्यालय शब्दकोष परियोजना, समाज विज्ञान, कोष परियोजना, हिदी समय डॉटकॉम जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम कर रहा है। उन्होंने आशा जताई की इससे हिंदी की विकासयात्रा और संपन्न होगी। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, यूसीएन चैनल के संपादक राजेश सिंह, साहित्य विद्यापीठ के विभागाध्यक्ष प्रो. के. के. सिंह मंचस थे।

This document was created using Smart PDF Creator. To remove this line purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

प्रो. अरविंदाक्षन ने एक प्रस्ताव देते हुए कहा कि राजभाषा विभाग जिस प्रकार हिंदी अधिकारी और अनुवादकों को प्रशिक्षण देता है, वह काम हिंदी विश्वविद्यालय को मिलें। प्रो. के. के. सिंह ने मीडिया में प्रयुक्त होने वाले हिंदी शब्दों में एकरूपता लाने की आवश्यकता जताई। वही राजेश सिंह ने हिंदी समाचार पत्रों की बढ़ती हुई पाठक संख्या पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इससे हिंदी के अभियान में गति आएगी। विश्वविद्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा पिछले दो सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त अधिकारी तथा कर्मियों को कुलपति राय द्वारा पुरस्कृत किया गया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में सुभाष श्रीवास्तव को प्रथम, उपकुलसचिव कादर नवाज खान को द्वितीय तथा असोसिएट डॉ. प्रीति सागर को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में गोखुल कुमार को प्रथम, सुश्री हर्षा शिंगारे को द्वितीय तथा निलिमा कांबले को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। सुलेख प्रतियोगिता में कांचन शेंडे को प्रथम, शरद बकाले को द्वितीय तथा रवि वानखेडे को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

This document was created by Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

निबंध प्रतियोगिता में नटराज वर्मा को प्रथम, रामप्रसाद कुमरे को द्‌वितीय तथा किशोर जाधव को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में वेद प्रकाश को प्रथम, नटराज वर्मा को द्‌वितीय तथा सदानंद कुमार चौधरी को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। टंकण प्रतियोगिता में संगीता मालवीया को प्रथम, विजय यादव को द्‌वितीय तथा हर्षदा श्रीरसागर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। समारोह का संचालन हिंदी अधिकारी राजेश यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपकुलसचिव पी. सरदार सिंह ने किया।

इस अवसर पर अधिकारी, अध्यापक, कर्मी एवं विद्‌यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी

This document is created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com